हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 12 मई 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


तापमान

अधिकतम 37 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री

4 1555 में से 1552 आवेदनों का समाधान



## खबर संक्षेप

### पाराडोल में समाधान शिविर आज

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत नागरिकों से प्राप्त शिकायतों एवं मांगों के संबंध में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए प्रशासनिक अमला पूरी तन्मयता से कार्य कर रहा है। सुशासन तिहार अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समाधान शिविरों का आयोजन कर प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में 12 मई को चैनपुर, बौरीडांड, चौघड़ा, चनवारीडांड, तेंदुडांड, नारायणपुर, छिपछिपी, भौता, बंजी तथा बुंदेली, पाराडोल सेक्टर में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया जाना है। इसमें 11 ग्राम पंचायतों के लोगों के आवेदन का समाधान किया जाएगा। इसमें जिला के समस्त विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

### एसडीएम कमलेश पुरी ने संभाला पदभार

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल के आदेश पर जिला मऊगंज से स्थानांतरित होकर आए डिप्टी कलेक्टर कमलेश पुरी को कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी अनूपपुर पदस्थ करते हुए अजीत तिर्की, संयुक्त कलेक्टर अनुविभागीय अधिकारी कोतमा को अनुविभागीय अधिकारी अनूपपुर के दायित्वों से मुक्त किया है। आदेश के परिपेक्ष में नवागत एसडीएम अनूपपुर ने अपना पदभार संभाल लिया है।

### बादलों की आवाजाही से मौसम रहा सुहावना

**सोनहत।** मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को मौसम का मिजाज बदला-बदला नजर आया। सुबह हल्की धूप के बाद दिनभर आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही, जिससे आम दिनों की तेज गर्मी से लोगों को राहत मिली। दिनभर बादलों के छाए रहने से वातावरण में ठंडक बनी रही और मौसम कूल-कूल बना रहा। क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से मौसम विभाग स्तर पर लगातार हल्की बारिश, तेज हवा और अंधड़ जैसी परिस्थितियां बन रही हैं, जिससे मई माह में भी गर्मी का असर काफी हद तक कम महसूस किया जा रहा है। हालांकि जैसे ही आसमान साफ होता है, तेज धूप और उमस का असर दिखने लगता है। मौसम का इस तरह लगातार बदलना अब इस क्षेत्र की विशेषता बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बार मई में अब तक लू जैसे हालात देखने को नहीं मिले हैं।

### समाधान शिविर सोनहत के आदर्श ग्राम कटगोड़ी में

## समस्याओं का समाधान संवाद व सहभागिता से ही संभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के सोनहत ब्लाक के आदर्श ग्राम कटगोड़ी में आयोजित सुशासन तिहार के तीसरे चरण के तहत समाधान शिविर में भरतपुर-सोनहत विधानसभा की विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने ग्रामीणों से कहा कि समस्याओं का समाधान संवाद और सहभागिता से ही संभव है। उन्होंने जल संरक्षण को जीवन रक्षा से जोड़ते हुए कहा कि पानी की हर बूंद की कीमत है। हमें इसे संजोकर रखना होगा।

उन्होंने फसल चक्र परिवर्तन, विशेषकर दलहन, तिलहन जैसी पारंपरिक फसलों की पुनः खेती पर बल दिया। उन्होंने हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए जवानों के सम्मान में गांव-गांव तिरंगा यात्रा निकालने का सुझाव दिया,ताकि देशभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचे। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि सुशासन तिहार के पहले चरण में मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जिले में संवाद से समाधान की भावना को मूर्तरूप देने के लिए समाधान ऑन व्हील और सुशासन संगवारी जैसे नवाचारों का गठन किया गया था। समाधान ऑन व्हील के माध्यम से दूरस्थ ग्रामों में जाकर आवेदन प्राप्त किए गए, जबकि जरूरतमंद नागरिकों के लिए सुशासन संगवारी ने मार्गदर्शन और सहायता प्रदान की। कलेक्टर ने शिविर में मौजूद नागरिकों से जल संरक्षण में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि हमें सिर्फ सरकार पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, बल्कि स्वयं भी मिलकर जल बचाने के उपाय करने चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाएं घरेलू जल उपभोग में बड़ी भूमिका निभाती हैं, इसलिए नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान को जन-आंदोलन बनाना होगा। उन्होंने आवा पानी झोंकी ⏭ शेष पेज 4 पर



संबोधित करती विधायक रेणुका सिंह।



समाधान शिविर में उपस्थित लोग।

## भॉडी तिराहे में हादसा दो लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



दुर्घटनाग्रस्त कार।

सिटी कोतवाली थानांक्षेत्र अंतर्गत भॉडी में बीती रात्रि करीब 1 बजे स्कार्पियों और आल्टो कार में हुए भीषण दुर्घटना में दो व्यक्ति की मौत हो गई।

■ आमने-सामने भिड़े वाहन

मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली अंतर्गत भॉडी तिराहे में 10-11 मई की दरम्यानी रात्रि करीब 1 बजे आल्टो कार क्रमांक सीजी 16 सीएन 1890 और एक स्कार्पियों वाहन क्रमांक सीजी 15 डीपी 8304 में आमने-सामने जबरजस्त भिड़ंत हो गई। इसमें चिरमिरी निवासी सुशांत सोनी उम्र 30 वर्ष एवं आशुतोष गुप्ता उम्र 33 वर्ष की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद इसकी जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि सुशांत सोनी का हादसे में दोनो पैर टूट गया था और गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनकी मौत उपचार के दौरान हो गई। हादसा इतना जबरजस्त रहा कि कार और स्कार्पियों के परखच्चे उड़ गए थे। सिटी कोतवाली पुलिस ने मामले पंजीबद्ध कर लिया है।

### दुर्घटना में शिक्षक की मौत



शहर के गुरूकुल पब्लिक स्कूल के संचालक का रविवार को रीवा में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना की खबर से बैकुंठपुर में शोक की लहर दौड़ पड़ी। जानकारी के अनुसार स्कूल संचालक एसपी पाण्डेय उम्र करीब 50 वर्ष अपने गृहग्राम के लिए ओमनी वाहन से निकले थे। इसी बीच रीवा में दुर्घटना में उनका दुःखद निधन हो गया। बताया जा रहा है कि हादसे में परिवार के कुछ अन्य लोग घायल हैं।

## स्वास्थ्य मंत्री ने 40 वार्डों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रविवार को नगर पालिक निगम चिरमिरी के 40 वार्डों के दौरे पर निकले। सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक चले इस व्यापक दौरे में मंत्री के साथ जिला प्रशासन, एसईसीएल और निगम प्रशासन की पूरी टीम मौजूद रही।

■ अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

इस दौरान उन्होंने वार्डों में व्याप्त मूलभूत समस्याओं का जायजा लिया और मौके पर ही अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। मंत्री जायसवाल ने चिरमिरी क्षेत्र की जमीनी हकीकत को समझते हुए पेयजल संकट, साफ-सफाई, सड़क और जल निकासी जैसी समस्याओं को चिन्हित किया। उन्होंने कहा कि चिरमिरी जैसे औद्योगिक क्षेत्र में नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं देना सरकार की प्राथमिकता है। दौरे के दौरान जिन वार्डों में पेयजल की समस्या गंभीर पाई गई, वहां के लिए वैकल्पिक जलप्रदाय व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण उपरांत स्वास्थ्य मंत्री ने एसईसीएल और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक भी की, जिसमें निगम क्षेत्र को बेहतर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने पर चर्चा हुई।



उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल योजनाओं तक सीमित रहने से काम नहीं चलेगा, उन्हें जमीनी स्तर पर लागू करना होगा। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि हमने 11 मई को निगम क्षेत्र के सभी 40 वार्डों का निरीक्षण किया। जनता की समस्याएं गंभीर हैं, विशेषकर पानी की। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि इस दिशा में युद्धस्तर पर काम करें। हमारा उद्देश्य चिरमिरी को एक आदर्श नगरी के रूप में विकसित करना है।

### शासकीय सेवकों के अवकाश प्रतिबंधित

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा वर्तमान की अप्रत्याशित परिस्थितियों को दृष्टिगत रख समस्त शासकीय सेवकों के अवकाश प्रतिबंधित किए हैं। निर्देशित किया गया है कि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, गृह विभाग, ऊर्जा विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, जल संसाधन विभाग, नर्मदा घाटी विकास विभाग, परिवहन विभाग समस्त शासकीय सेवक अपने मुख्यालय पर अनिवार्यता उपस्थित रहेंगे।

### 30 बोरी कोयला जब्त, मचा हड़कंप

**बिजुरी।** क्षेत्र स्थित रामनगर थाना क्षेत्र में पुलिस को मुखबीर से सूचना मिलने रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम जमुड़ी में कोयला खनन कर छिपाए रखने की जानकारी मिली। इस पर रामनगर पुलिस ने उच्चाधिकारियों को अवगत करा कर टीम गठित कर मुखबीर के बताए जगह पर पहुंची और घेराबंदी कर कार्रवाई की गई। जब पुलिस पूछताछ की तो पंकज केवट पिता रमेश केवट उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम जमुड़ी ने बताया कि बाड़ी के पीछे जूट की बोरियों में लगभग 30 बोरी कोयले को रखा था, जिसे जब्त किया है। बीएनएसएस के तहत नोटिस दिया और कोयला के दस्तावेज मांगे गए, इस पर वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया।

## पावर प्लांट से बहेगी विकास की नई बयार

**अनूपपुर।** जिले में अदानी पावर समूह द्वारा बिजुरी क्षेत्र के छतई ग्राम में 47800 मेगावाट (3200 मेगावाट) का थर्मल पावर प्लांट लगाया जा रहा है।

पावर प्लांट के आने से बिजुरी क्षेत्र में जहां विकास के नए आयाम जुड़ेंगे, वहीं हजारों लोगों को प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से रोजगार मिलेंगे। कंपनी के आने से पूर्व ही क्षेत्र में कल्याणकारी कार्य शुरू कर दिया गया है। इसमें निःशुल्क मेडिकल सेवा व बच्चों के बीच स्कूल बैग व बेंच डेस्क का भी वितरण सहित कई अन्य कार्यक्रम शामिल हैं। विगत दिनों भोपाल में आयोजित निवेश मीट में अदानी समूह द्वारा मध्यप्रदेश में 2.10 लाख करोड़ रूपए के निवेश की घोषणा की गई थी। इसमें थर्मल ऊर्जा, सीमेंट,



खनन, स्मार्ट व्हीकल आदि क्षेत्रों का उल्लेख किया गया था। इसी कड़ी में अनूपपुर जिले के कोतमा तहसील के ग्राम छतई, मझटोलिया एवं उमरदा के लगभग 935.36 एकड़ क्षेत्र में 3200 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट लगाया जा रहा है। पावर प्लांट के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूर्व में ही वेल्सपन कंपनी द्वारा कर ली गई थी। उक्त तमाम जमीन वेलस्पन द्वारा अदानी समूह को स्थानांतरित कर दिया गया है।

### राज्यमंत्री ने किया मेडिकल वैन का शुभारंभ

अदानी समूह अपनी परंपरा के अनुरूप प्लांट के आस-पास के गांव में विकास के लिए कल्याणकारी कार्य शुरू कर दिया है। विगत दिनों स्थानीय विधायक सह राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने चलंत मोबाइल मेडिकल वैन का शुभारंभ किया है। उक्त वैन प्रत्येक दिन क्षेत्र के गांवों में जाकर लोगों की चिकित्सीय जांच कर दवा का भी वितरण कर रहा है।






### अब 14 को होगी पंचों की विशेष बैठक

**सोनहत।** जिले विकासखंड सोनहत अंतर्गत 42 ग्राम पंचायतों के पंच परमेश्वरों की विशेष बैठक की पूर्व घोषित तिथि में बदलाव किया गया है। अब यह बैठक 14 मई बुधवार को आयोजित की जाएगी। बैठक को लेकर क्षेत्र के पंचों में उत्साह देखा जा रहा है। ग्राम पंचायत केशगवां के पंच संयोजक प्रेमसागर तिवारी एवं ग्राम पंचायत सोनहत के पंच संयोजक लव प्रताप सिंह जूदेव ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि विकासखंड स्तर पर पंच संघ के गठन को लेकर यह विशेष बैठक बुलाई गई है। बैठक का आयोजन सामुदायिक भवन सोनहत में किया जाएगा। इसमें सभी 42 पंचायतों के पंचों की उपस्थिति अपेक्षित है। संयोजकों ने बताया कि पंचों के उत्साह और सहयोग को देखते हुए इस पहली औपचारिक बैठक को एक महत्वपूर्ण आयोजन के रूप में लिया जा रहा है। पंचों से अपील की गई है कि वे नियत समय पर उपस्थित होकर पंचसंघ के हित में इस पहल को सफल बनाएं।




## खबर संक्षेप

### लोक अदालत में छह साल पुराने गांव के विवाद को सुलझाया

अनूपपुर। छह साल से चले आ रहे जिले के तहसील कोतमा के ग्राम सकोला के एक पुराने विवाद को लोक अदालत ने सुलझा दिया है, जिससे दो परिवारों के बीच की दुश्मनी अब मिट गई है और गांव में एक बार फिर शांति कायम हुई है। यह विवाद वर्ष 2019 में गांव के मामूली विवाद को लेकर शुरू हुआ था। मामला पुलिस और निचली अदालत तक पहुंचा, लेकिन न्याय की प्रक्रिया लंबी खिंचती रही आखिरकार, लोक अदालत ने इस मामले को सुना और दोनों पक्षों को समझौते के लिए राजी किया। दोनों पक्ष छह साल पुरानी दुश्मनी को भुलाकर एक-दूसरे से गले मिले। यह कार्य लोक अदालत के माध्यम से संभव हो सका लोक अदालत के न्यायाधीश अमनदीप सिंह छाबड़ा ने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ कानूनी विवाद सुलझाना नहीं, बल्कि लोगों के दिलों को जोड़ना भी है।

### डॉ. बसंत सिटी कोऑर्डिनेटर नियुक्त

मनेन्द्रगढ़। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ के लिए यह



अत्यंत गर्व और ऐतिहासिक क्षण है, जब विद्यालय के प्रतिष्ठित प्राचार्य डॉ. बसंत कुमार तिवारी को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), क्षेत्रीय कार्यालय भुवनेश्वर द्वारा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर क्षेत्र का समन्वयक (सिटी कोऑर्डिनेटर) नियुक्त किया गया है। यह आधिकारिक नियुक्ति पत्र 5 मई को जारी किया गया। इसमें डॉ. तिवारी के दूरदर्शी नेतृत्व, अथक समर्पण और शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को मान्यता दी गई है। यह नियुक्ति 15 मई से प्रभावी होगी और तीन वर्षों की अवधि के लिए लागू रहेगी। इस नई जिम्मेदारी के अंतर्गत डॉ. तिवारी अब क्षेत्र के सभी सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों के बीच समन्वय और सहयोग का कार्यभार संभालेंगे। उनके कर्तव्यों में परीक्षाओं का सुचारु संचालन, शैक्षणिक कार्यशालाएं, मूल्यांकन प्रक्रियाएं, तथा खेलकूद और विशेष परीक्षाओं जैसी छात्र केन्द्रित गतिविधियों का आयोजन शामिल रहेगा। सीबीएसई के क्षेत्रीय निदेशक के शब्दों में सिटी कोऑर्डिनेटर की भूमिका अत्यंत प्रतिष्ठित और महत्वपूर्ण होती है, इसके लिए समर्पण, जिम्मेदारी और हर परिस्थिति को सही ढंग से संभालने की योग्यता आवश्यक होती है। यह नियुक्ति न केवल विद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि शैक्षणिक जगत में डॉ. तिवारी की ऊंची प्रतिष्ठा का प्रमाण भी है। उनके नेतृत्व में डीडब्ल्यूपीएस मनेन्द्रगढ़ एक शैक्षणिक उत्कृष्टता और समग्र विकास का केन्द्र बन चुका है।

### अदिति ने जिले में हासिल किया छठवां स्थान

नगर। बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत नगर स्थित उच्चतर



माध्यमिक विद्यालय नगर की कक्षा 10 वीं की छात्रा कुमारी अदिति पिता शिवकुमार ने बोर्ड परीक्षा में 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, बल्कि जिले की मेरिट सूची में छठवां स्थान हासिल कर विद्यालय, माता-पिता एवं ग्राम का नाम गौरवान्वित किया है। अदिति ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के साथ-साथ अपने माता-पिता एवं गुरूजनों के मार्गदर्शन को दिया है। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत और सही दिशा में पढ़ाई करने से यह उपलब्धि संभव हो पाई। गौरतलब है कि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगर का वार्षिक परीक्षा परिणाम इस वर्ष बेहद सराहनीय रहा। कक्षा 10 वीं में विद्यालय का परिणाम 100 प्रतिशत तथा कक्षा 12 वीं में 99 प्रतिशत रहा। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शाला विकास समिति एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त शिक्षकों को अच्छी पढ़ाई एवं श्रेष्ठ शैक्षिक प्रबंधन के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

### बाइक भिड़ंत में एक युवक की गई जान

अम्बिकापुर। सरडीह जुनापारा निवासी कुलवंत आ. भजन राम गत दिन बाइक क्रमांक सीजी 14 एमपी 4004 से कफन-दफन में शामिल होने ग्राम बीरा जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार मुख्य टिरंग चौक के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सीजी 15 सीबी 3394 से आमने सामने भिड़ंत हो गई। दोनों बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कुलवंत गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को शांतिपारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन घायल को शहर के अस्पताल में उपचार कराने के पश्चात रायपुर लेकर जा रहे थे तभी घायल ने रास्ते में दम तोड़ दिया। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

## कुंवारपुर में सुशासन तिहार शिविर

# 1555 में से 1552 आवेदनों का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बमनेन्द्रगढ़

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला भरतपुर ब्लाक के कुंवारपुर में बाजार के पास सुशासन तिहार के अंतर्गत 8 से 11 अप्रैल तक प्राप्त आवेदनों के तीसरे चरण के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को दी गई। इसमें कुंवारपुर, कोइलरा, गढ़वार, फुलझर, गोधौरा, तितौली, तोजा, सेरी, कुदरा, लाखनटोला एवं जोलगी ग्राम पंचायत के लोग शामिल रहे। शिविर में बताया गया कि सुशासन तिहार तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है और वर्तमान में इसका तीसरा चरण चल रहा है।

शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को जानकारी दी गई कि आज के कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी और यह भी बताया जाएगा कि किन विभागों ने कितने आवेदनों का निराकरण किया है, कितने आवेदन लंबित हैं और कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं, इसके पश्चात जनप्रतिनिधियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया और कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। तत्पश्चात जनप्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य सुखमंती सिंह ने संबोधन में ग्रामीणों से अपील की कि सभी माताएं, बहनें और भाई जो बाहर बैठे हैं, कृपया आगे आकर भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं छोटे-छोटे गांवों में जाकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और उनका निराकरण कर रहे हैं। आवेदनों की जानकारी साझा करते हुए बताया गया कि कुल 1555 आवेदन प्राप्त हुए थे।

इसमें से 1552 आवेदनों का निराकरण किया गया, जबकि 3 आवेदन लंबित हैं। आवास योजनाओं में 278 आवेदन आए थे, इसमें सभी का निराकरण किया गया। वहीं राशन कार्ड के 72 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें सभी का निराकरण कर लिया गया है, इसके साथ ही पेंशन के 27 आवेदन प्राप्त हुए थे, इसमें सभी का निराकरण किया गया। वहीं एसबीएम के 190 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें सभी का निराकरण कर दिया गया, इसके साथ ही मनरेगा विभाग में 755 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें सभी का निराकरण हो गया है। और जनपद पंचायत के 186 में से 185 का निराकरण हुआ जबकि 1 आवेदन लंबित है।




### 29 परियोजना प्रभावित गांवों के क्षयरोगियों पोषण किट का वितरण



**अनूपपुर।** जिले के एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के वीआईपी गेस्ट हाउस में भारत सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सौ दिवसीय क्षय उन्मूलन अभियान के तहत एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के परियोजना प्रभावित गांव से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के माध्यम से चिन्हांकित क्षयरोगियों को कॉपोर्रेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत पोषण किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के 29 परियोजना प्रभावित गांवों के चिन्हांकित क्षयरोगी उपस्थित थे, जिनको पोषण किट का वितरण किया गया। पोषण किट में सूर्यमुखी तेल, अमूल घी, देसी चना, चावल, अमूल दूध पावडर, खजूर, चना दाल, तुवर दाल एवं सोयाबीन खाद्य सामग्री थे, जिसको क्षयरोगियों के लिए आवश्यक पोषण आहार माना जाता है। इस पोषण किट को एसईसीएल द्वारा आगामी छह माह तक जिला अनूपपुर, मध्यप्रदेश के परियोजना प्रभावित गांवों के क्षयरोगियों को दवाइयों के साथ निरंतर प्रदान किया जाएगा, जिससे कि क्षयरोगी मरीज जल्द से जल्द स्वस्थ हो सके। विदित हो कि एसईसीएल अपने सीएसआर परियोजना के तहत आरके एचआईवी एड्स रिसर्च एंड केयर सेंटर, मुंबई के सहयोग से टीबी रोगियों की पहचान के लिए छग और मध्यप्रदेश के अपने परिचालन जिलों के विभिन्न परियोजना प्रभावित गांवों में स्क्रीनिंग कैंप और डोर-टू-डोर अभियान आयोजित कर रहा है। इस परियोजना के तहत एसईसीएल छग के बिलासपुर, रायगढ़ और सूरजपुर जिले और मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले से 50,000 लोगों की स्क्रीनिंग करने और 300 टीबी रोगियों की पहचान करके भारत सरकार के सौ दिवसीय गहन टीबी उन्मूलन अभियान के अनुरूप पोषण किट और दवाओं का वितरण करने का लक्ष्य रखा है। एसईसीएल ने इस सीएसआर परियोजना के लिए कुल 382.54 लाख रूपए का बजट रखा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एसईसीएल ने अनूपपुर जिला के 29 कोयला खदान प्रभावित गांवों के लगभग 10,175 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग शिविरों के माध्यम से जांच की है तथा अब तक 49 टीबी रोगियों की पहचान की है।

## रामलीला मंडली ने दी श्रीराम विवाह की जीवंत प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिजुरी

बीते दिनों से चल रहे रामलीला मंडली द्वारा ग्राम पंचायत दरसिला में विश्वविख्यात खजुरी ताल के द्वारा यह आयोजित की जा रही है। दरसिला के देवी चौरा परिसर में एक भव्य धार्मिक आयोजन के अंतर्गत श्रीराम विवाह लीला का सजीव मंचन किया गया। यह आयोजन खजुरी ताल की प्रसिद्ध रामलीला मंडली द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसे देखने के लिए आसपास के ग्रामों और नगरों से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

इस लीला का आयोजन संत श्री स्वामी प्रसन्न दास जी महाराज के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आयोजन की शुरूआत मंगलाचरण और भक्ति गीतों के साथ हुई, इसके बाद श्रीराम विवाह की विभिन्न झांकियों का सजीव मंचन किया गया। जनकपुर नगरी का दृश्य, सीता स्वयंवर, शिवधनुष भंग और विवाह की रस्मों को कलाकारों ने अत्यंत जीवंत ढंग से प्रस्तुत किया।

मंच पर कलाकारों की भाव-भंगिमाएं, पारंपरिक वेशभूषा और संवाद शैली ने दर्शकों को प्राचीन काल की अनुभूति करा दी। स्वामी प्रसन्न दास जी महाराज ने श्रीराम विवाह लीला के भावार्थ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मर्यादा, समर्पण और धर्म का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि श्रीराम का विवाह लीला हमें पारिवारिक मूल्यों, नारी सम्मान और धर्मपरायणता का संदेश देती है। उन्होंने बताया कि खजुरी ताल की यह मंडली वर्षों से भारत के विभिन्न हिस्सों में आयोजित हो रही है।

## मेगा स्काई वाचिंग कार्यक्रम...




बैकुण्ठपुर। शहर के पीजी कॉलेज बैकुंठपुर में मेगा स्काई वाचिंग कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है, इस दौरान काफी लोग मौजूद रहे।

## प्रशासनिक भवन निर्माण के लिए जारी हुए अतिरिक्त सवा दो करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लम्बे इंतजार के बाद नगर निगम प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु शासन से राशि स्वीकृत हो गई है। शासन द्वारा विद्युतकरण और सिविल कार्यों के लिए लगभग सवा करोड़ रूपए से अधिक की राशि जारी की गई है। अब इस राशि से नगर निगम के प्रशासनिक भवन का कार्य फिर से तेजी से होने की बात कही जा रही है लेकिन फिर भी निर्माण कार्यों को पूर्ण होने में छह महीने से अधिक का समय लगने की बात कही जा रही है।

बता दें कि नगर निगम की स्थापना के बाद से ननि के प्रशासनिक भवन का संचालन पानी टंकी के नीचे किया जा रहा है। इस बीच शहर का तेजी से विस्तार होने के साथ ही विभाग का कार्य भी बढ़ गया है और अब वर्षों पुरानी भवन निगम के कामकाज का संचालन करने के लिए कम पड़ रही है। ऐसे में नगर नगर निगम की पूर्व सरकार द्वारा वर्ष वर्ष 2019 में प्रशासनिक भवन के नए भवन के निर्माण हेतु शासन से स्वीकृति ली गई थी लेकिन राशि मिलने के बाद भवन निर्माण हेतु स्थल चयन का फेंच फंसा रहा। ऐसे में स्वीकृति के बाद भी तत्कालीन सरकार प्रशासनिक भवन का काम शुरू नहीं करा पाई। अन्ततः नगर निगम द्वारा गौरव पथ किनारे ही प्रशासन भवन के निर्माण का निर्णय लिया गया था और वर्ष स्थल चयन के बाद वर्ष 2023 में टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर 4 करोड़ 99 लाख रूपए की लागत से निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। ठेकेदार द्वारा निर्धारित स्थल पर बेसमेंट पार्किंग के साथ दो मंजिला भवन का निर्माण कराया गया है। भवन के ढलाई के साथ ही लगभग 75 प्रतिशत काम पूर्ण हो गया है लेकिन इसके बाद विद्युतीकरण, सिविल वर्क के लिए राशि खत्म हो गई थी जिससे नगर निगम द्वारा शेष बचे कार्यों के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था। इस बीच प्रशासनिक भवन के रैम्प व अन्य छोटे छोटे कार्यों को कराया जा रहा था। ननि द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के बाद शासन से स्वीकृति प्रदान की गई है जिसमें 1.5 करोड़ रूपए सिविल वर्क और 86 लाख रूपए विद्युतीकरण के कार्यों के लिए शासन द्वार स्वीकृत की गई है। नगर निगम को शासन से राशि जारी कर दी गई है। ऐसे में अब उम्मीद है है कि नगर निगम के प्रशासनिक भवन का काम पूर्ण हो जाएगा।



निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन।

## छत्तीसगढ़ बंग समाज कल्याण समिति ने कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी को सौंपा ज्ञापन

**मदनपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष रामू घोष के नेतृत्व में सरगुजा व सूरजपुर जिले के बंग समाज के पदाधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े गृह ग्राम बीरपुर में सौजन्य मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि छत्तीसगढ़ राज्य में निवासरत भू-स्वामियों को भूमि क्रय-विक्रय में कलेक्टर की अनुमति की अनिवार्यता को समाप्त किए जाने की बात कही गई है। साथ ही छत्तीसगढ़ राजपत्र 24 अप्रैल 2023 में प्रकाशित पुनर्वास शासकीय पट्टा धारियों को प्रदान की गई सुविधाओं के क्रियान्वयन हेतु बताया गया है कि छत्तीसगढ़ राजपत्र में संशोधित धाराओ का क्रियान्वयन प्रशासन के मंशारूप नही हो पा रहा है। राजस्व अधिकारियों द्वारा उक्त संशोधित धाराओं का अपने-अपने ढंग से व्याख्या कर पुर्नवास पट्टाधारियों को उचित लाभ से वंचित किया जा रहा है। बंग समाज के प्रदेश अध्यक्ष रामू घोष द्वारा मांग की गई है कि छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित संशोधनों का लाभ पुनर्वास पट्टा धारकों को प्राप्त हो सके ऐसा स्पष्ट निर्देश सभी जिला कलेक्टरों को देने का अनुरोध किया। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया है कि भारत सरकार पुनर्वास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों में बंग समाज के लोगों को बसाकर उन्हें भू स्वामी हक का पट्टा प्रदान किया है। 75 वर्षो से निवासरत होने के बाद भी आवश्यकता पड़ने पर यदि कोई व्यक्ति अपने भू स्वामी हक की भूमि का कुछ हिस्सा विक्रय करना चाहे तो कलेक्टर की अनुमति की अनिवार्यता के कारण उन्हें भूमि का उचित मूल्य नहीं मिल पाता। ऐसे में भू माफियाओं के चंगुल में फंसकर अपनी भूमि व रूपए दोनों गवा देते है। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप सरकार, पवन बर्मन, पुलीन मंडल, सुशांत घोष, सूरज दास, रमेश विश्वास, निर्मल वैध, तारक सरदार, दिनेश सरकार, जगदीश मंडल सहित समाज के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



## करमपुर में दो मासूम बच्चियों को कार चालक ने रौंदा, गांव में पसरा मातम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

गर्मी और उमस से राहत पाने देर शाम घर के बाहर बैठे दो महिलाओं और उनके सामने खेल रहे दो मासूम बच्चियों को अनियंत्रित आर्टिंगा कार ने रौंद दिया है । घटना में एक अन्य तीन वर्ष की बच्ची कुमारी लक्ष्मी पिता अक्षय कुमार व एक दो वर्ष आठ माह की बच्ची माही पिता सुखराम चेरवा की मौत हो गई। वही दो महिलाएं भी घटना में गंभीर रूप से जख्मी हो गईं जिनका अस्पताल में उपचार जारी है।

ग्रामीण अक्षय कुमार की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने मामले में आरोपी कार चालक रामजीत पिता रामदेव निवासी करमपुर के खिलाफ मोटर यान अधिनियम की धारा185 व बीएनएस की धारा 105, 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि करमपुर गांव के बरपारा मोहल्ले में शुक्रवार शाम गर्मी और उमस से राहत पाने अक्षय कुमार की मां दशमतिया व चचेरे भाई की पत्नी बृहस्पति अपने घर के बाहर बैठे थे वही दोनों मासूम लक्ष्मी और माही अपने दादी चाची के सामने खेल रहे थे।





## डीजे बॉक्स लेकर जा रहे दो ग्रामीणों को ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अंबिकापुर- बनारस हाइवे पर ग्राम सोनवाही में ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई है।

लटोरी पुलिस ने बताया कि शनिवार की सुबह ग्राम सोनवाही के पास हुए एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने बताया कि गांव के दो ग्रामीण बालचंद चेरवा और बाबूलाल मोटरसाइकिल पर सवार होकर डीजे बॉक्स छोड़ने कृष्णा टेंट हाउस की ओर जा रहे थे।तभी सुबह लगभग 8 बजे बालचंद चेरवा के टीवीएस मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 सीके 8834 से बाबूलाल को साथ लेकर संबलपुर चौक बनारस मुख्य मार्ग पर खड़े थे। उन्होंने जैसे ही टेंट हाउस की तरफ जाने के लिए मोड़ लिया, अंबिकापुर की दिशा से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीके 2864 के चालक ने तेज व लापरवाही वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को सीधी टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क पर दूर जा गिरे।पीछे बैठे बाबूलाल को सिर और छाती पर गंभीर चोटें आईं जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई और बालचंद चेरवा को भी चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

# चिलचिलाती धूप में स्ट्रेचर को धक्का लगाकर जांच कराने परिजन मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए विभिन्न जांच के अलावा अन्य सुविधाएं उपलब्ध है। अस्पताल में दाखिल मरीजों को जांच व उपचार का लाभ मिल रहा है परंतु एमसीएच परिसर स्थित वार्ड के मरीजों को विभिन्न जांच कराने के लिए के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। हैरानी की बात तो यह है कि वार्ड में दाखिल मरीजों को जांच कराने के लिए लाने ले जाने एंबुलेंस की सुविधा है बावजूद इसके मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। ऐसे में इस भीषण गर्मी में परिजन चिलचिलाती धूप में विभिन्न जांच कराने के लिए स्ट्रेचर को सड़क पर धक्का लगाने को मजबूर है। ऐसे में मरीज सहित परिजन धूप से परेशान होते ही है साथ ही मुख्य मार्ग होने तथा वाहनों के आवागमन करने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।



दोपहर की चिलचिलाती धूप में मरीज को ले जाते परिजन।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के महिला सर्जिकल, मेडिकल वार्ड सहित एमसीएच में दाखिल मरीजों को सीटी स्कैन, एक्स-रे जांच के लिए पूर्व की भांति सड़क पार कर ओपीडी परिसर ले जाना पड़ता है। एक तो जांच कक्ष के दूर होने तथा दूसरी ओर मरीजों को स्ट्रेचर से सड़क पार कराकर ले जाने के दौरान परिजन सहित मरीज को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खास कर सड़क दुर्घटना में घायल हुए मरीजों को सड़क से लेकर जाने में न सिर्फ परेशानी होती है बल्कि वाहन से टकराने का भी खतरा बना रहता है। कुछ माह पूर्व ही एमसीएच परिसर स्थित विभिन्न वार्ड में दाखिल मरीजों को जांच कराने के लिए परेशानियों का सामना न करना पड़े इसे ध्यान में रखकर अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों को राहत देने के लिए एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई है। एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध हो जाने से मरीज सहित परिजन को काफी राहत मिली लेकिन अब एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिलने से अब इस भीषण गर्मी में परिजन की समस्या और भी बढ़ गई है। इधर चिकित्सक मरीज के उपचार के लिए विभिन्न जांच कराने की सलाह देते है वहीं परिजन भी मरीज का उपचार समय पर हो इसके लिए एक्स रे, सीटी स्कैन सहित अन्य जांच कराने के लिए वाहन नहीं मिलने पर अस्पताल के स्टाफ के साथ खुद ही मरीज को स्ट्रेचर से लेकर सड़क पार कर विभिन्न जांच कराते है। ऐसे में मरीजों को कभी तेज धूप में तो कभी बारिश के का भी सामना तो करना पड़ता ही है। साथ ही हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### समस्याओं का समाधान ...

अभियान को जनभागीदारी के तहत करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने धान के बदले वैकल्पिक फसलों जैसे दलहन व तिलहन अपनाने की अपील की। उन्होंने उदाहरण देकर कहा कि भोजन में सिर्फ चावल नहीं खाते, थाली में चावल के अलावा दाल, सब्जी भी परोसा जाता है, इसलिए धान की रकबा को कम करते हुए दलहन, तिलहन, सब्जी, उद्यानिकी फसलों को लेना आवश्यक है। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के बारे में जानकारी साझा की। अधिकारियों ने बताया कि जो समस्याएं स्थानीय स्तर पर निराकृत नहीं हो सकीं, शासन स्तर से निराकरण किया जाएगा। शिविर में केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी हितग्राहियों को दी गई। समाधान शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा राशन कार्ड व शौचालय की स्वीकृति पत्र वितरण, दिव्यांग हितग्राहियों को व्हीलचेयर, बैसाखी व छड़ी वितरण, मछुआरों को जाल वितरण (मत्स्य विभाग) 12 छात्र-छात्राओं को जाति, आय और निवास प्रमाण-पत्र (शिक्षा विभाग), प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5 लाभार्थियों को चाबी प्रदान, गर्भवती महिलाओं को सुरक्षा किट, नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन (महिला एवं बाल विकास विभाग), नोनी सुरक्षा योजना के तहत प्रमाण पत्र विधायक रेणुका सिंह, कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी व जनप्रतिनिधियों ने वितरण किया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर 10 वीं और 12 वीं में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले छात्रों का सम्मानित किया गया, इसके अलावा बच्चों सहित सभी ग्रामीणों को बाल विवाह मुक्त कोरिया, नशा मुक्ति तथा जल संरक्षण के लिए आवा पानी झोंकी अभियान जैसे जनभागीदारी कार्यो की शपथ भी दिलाया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, एसडीएम राकेश साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

11- May- KORIYA- Bhoomi pg-6 full_Layout 1 5/11/2025 7:20 PM Page 1





















